मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-529

17/08/2026

# गया इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) के लिये सड़क, पानी की व्यवस्था 2027 से पहले होगी पूरी, सोन से फल्गू में आयेगा पानी :– मुख्यमंत्री

## मुख्य बिंदु :–

- राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट (NICDIT) की बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शामिल हुये मुख्यमंत्री, बिहार में उद्योग और पर्यटन से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा।
- गया इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) को मिलेगी रफ्तार, आवश्यक आधारभूत सुविधाएं जल्द होगी उपलब्ध।
- दरभंगा एवं मुजफ्फरपुर में प्रस्तावित परियोजनाओं को एक माह में पूरा करने की दिशा में कार्रवाई, विष्णुपद मंदिर एवं बोधगया कॉरिडोर को भी तेजी से किया जायेगा पूर्ण।

पटना, 17 अगस्त 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नई दिल्ली स्थित अशोका होटल में आयोजित राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट (NICDIT) की शीर्ष मॉनिटरिंग अथॉरिटी की तृतीय बैठक में शामिल हुए। बैठक का आयोजन भारत सरकार के वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में बिहार में चल रही एवं प्रस्तावित विभिन्न औद्योगिक, आधारभूत संरचना तथा पर्यटन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से गया में विकसित किए जा रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) परियोजना के संबंध में चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि IMC, गया परियोजना के लिए भूमि से संबंधित रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परियोजना क्षेत्र में सड़क एवं जलापूर्ति से संबंधित आवश्यक कार्यों को वर्ष 2027 से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि औद्योगिक गतिविधियों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हो सकें। सोन नदी को फल्गू नदी से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके तहत लगभग 9 किलोमीटर पाइपलाइन तथा लगभग 22 किलोमीटर नहर की खुदाई के माध्यम से दोनों नदियों को जोड़ा जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद गया क्षेत्र में जल की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने 'भव्या' योजना' के तहत दरभंगा एवं मुजफ्फरपुर में प्रस्तावित परियोजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से संबंधित कार्यों को एक माह के भीतर पूरा' करने की दिशा में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य

सरकार बिहार में औद्योगिक विकास के साथ–साथ धार्मिक एवं बौद्ध पर्यटन को भी व्यापक रूप से विकसित कर रही है। विष्णुपद मंदिर तथा बोधगया कॉरिडोर के कार्यों को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इन परियोजनाओं की लगातार समीक्षा कर रहे हैं और सभी कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूरा करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना, जलापूर्ति तथा पर्यटन से जुड़ी परियोजनाओं को गति देकर राज्य में निवेश, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। राज्य सरकार सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नियमित समीक्षा कर उनके समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित कर रही है।

बैठक में विकास आयुक्त श्री मिहिर कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******